***जोन उपायुक्त शाम छह बजे से दो घंटे बाजारों में सफाई के लिए करें माइक से अनाउंस***

***अपनी दुकानों के बाहर दो डस्टबिन और सफाई रखें नहीं निगम करेगा कार्रवाई***

***निगम आयुक्त ने की समीक्षा बैठक, ऑनलाइन पेंडेंसी पर त्वरित कार्य करने के दिए निर्देश***

जयपुर। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन अब बाजारों में सख्त कार्रवाई को लेकर एक्शन में आ गया है। मंगलवार को हेरिटेज निगम मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने सभी जोन उपायुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के मामले में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। जोन उपायुक्त अपने क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रतिदिन निरीक्षण करें, साथ माइक के जरिए बाजार में दो डस्टबिन रखने और गंदगी नहीं फैलाने के लिए बार बार अनाउंस करें। निगम आयुक्त ने कहा कि जिस दुकान के बाहर ज्यादा गंदगी दिखे, उसका भारी चालान किया जाएं। साथ ही सफाई व्यवस्था भी रखने पर अगली बार सीज भी किया जाएं। इसके लिए जोन उपायुक्त अपनी टीम के साथ लगातार मॉनिटरिंग करें। व्यापारियों को समझाएं कि ये शहर हमारा अपना है। इसे स्वच्छ बनाएं रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है।

*जोन उपायुक्त से ओपन डिपो की लिस्ट मांगी, कचरा डिपो खत्म कर सौंदर्यकरण कार्य के दिए निर्देश*

वहीं, आयुक्त निधि पटेल ने सभी जोन उपायुक्त से उनके क्षेत्र में ओपन कचरा डिपो की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मिशन मोड पर ओपन डिपो खत्म किए जाएं और वहां सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएं, जिससे लोग सड़क पार कचरा नहीं फेंके। साथ ही स्मार्ट सिटी के लगे कैमरों और अन्य जगहों पर लगे कैमरों की मदद से कचरा फेंकने वालों को ट्रेस कर चालान किया जाएं। साथ निगम आयुक्त ने उद्यान शाखा को निर्देश दिए कि प्रतिदिन एक वार्ड में पेड़ पौधों और डिवाइडर के पास घास की कटाई की जाएं। जिससे कि पेड़ो की आड़ में कचरा इकठ्ठा नहीं हो पाएं।

*कॉल सेंटर पर आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेकर करें निस्तारण*

वहीं, समीक्षा बैठक के दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि हेरिटेज निगम के कॉल सेंटर और संपर्क पोर्टल पर आ रही शिकायतों को निगम अधिकारी गंभीरता के साथ निस्तारण कराएं। हर शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से बात कर संतुष्टि भी लें। इसके साथ ही आयुक्त ने जोन में पट्टा संबंधी फाइलें ऑनलाइन करने के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पट्टा संबंधी सभी दस्तावेज ऑनलाइन करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएं। वहीं, सिविल कार्यों में निगम आयुक्त ने सभी इंजीनियरिंग विंग को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

*हवामहल जोन में ऑनलाइन पेंडेंसी ज्यादा होने पर आयुक्त नाराज, नोटिस जारी करने के निर्देश*

वहीं, ऑनलाइन पेंडेंसी में हवामहल जोन के द्वारा कार्य कम होने पर हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जोन में कार्यरत राजस्व अधिकारी पार्वती सोनी, नितेश गौड़ और सतीश जाटव को

नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आमजन के हित से जुड़ी फाइलों को ज्यादा दिन तक लेकर नहीं बैठे। त्वरित गति से कार्य करें। लापरवाही बरतने पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। वहीं, ऑनलाइन पेंडेंसी की समीक्षा को लेकर एक कमेटी के गठन के निर्देश भी दिए।

*सिविल लाइन जोन में बाजारों में किया अनाउंस, सफाई नहीं होने पर 25000 का किया चालान*

सिविल लाइन जोन क्षेत्र में बाजार में सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा के नेतृत्व में जोन के सफाई निरीक्षकों ने माइक से अनाउंस कर समझाइश की, और ज्यादा गंदगी मिलने पर दुकानों के चालान भी काटे। इस दौरान 25 हजार रुपए के चालान किए गए। उपायुक्त सुनील कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन, हसनपुरा और शास्त्री नगर में अभियान चलाया गया। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।




पालनपुर
अहमदाबाद










मेहसाणा
पालनपुर
बड़ौदा - अहमदाबाद